# कार्यालयः राँची नगर निगम

(बाजार शाखा)
कचहरी रोड, राँची, पिन नं०–834001
E-mail ID- support@ranchimunicipal.com

पत्रांकः–.....2283............/ दिनांकः–...09-11-............2020

## अल्पकालीन निविदा सूचना

### ACC दुकान

स्थानीय बिरसा मुण्डा बस स्टैण्ड कांटा टोली रांची में निगम स्वामित्व की निर्मित्त 22 दुकानों में से शेष बचे 01 दुकान को मासिक किराये पर आवंटन हेतु इच्छुक व्यक्तियों/प्रतिष्ठानों से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। दुकान का क्षेत्रफल 108 वर्गफीट (12'x9') है। दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा किया जायेगा एवं उच्चतम बोली वाले को दुकान आवंटित की जायेगी। डाक की सुरक्षित राशि 12.59/–रू0 प्रतिवर्गफीट प्रतिमाह (कर अतिरिक्त) है। जमानत की राशि के रूप में 10,000/–रू0 का बैंक ड्राफ्ट **नगर आयुक्त**, रांची नगर निगम के नाम से जमा करना होगा। निविदा आमंत्रण निम्न प्रकार से किया जाता है :–

| दुकान सं0 | निविदा प्राप्त करने की तिथि | निविदा निष्पदान की तिथि |
|---|---|---|
| 20 | दिनांक 26.11.2020 अपराहन् 1.00 बजे तक। | दिनांक 26.11.2020 अपराहन 3.00 बजे |

### RCC दुकान

स्थानीय बिरसा मुण्डा बस स्टैण्ड कांटा टोली रांची में निगम स्वामित्व की निर्मित्त 18 दुकानों में से शेष बचे 04 दुकानों को मासिक किराये पर आवंटन हेतु इच्छुक व्यक्तियों/प्रतिष्ठानों से प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा किया जायेगा एवं उच्चतम बोली वाले को दुकान आवंटित की जायेगी। डाक की सुरक्षित राशि 32.34/–रू0 प्रति वर्गफीट प्रतिमाह (कर अतिरिक्त) एवं 2/–रू0 प्रति वर्गफीट सुविधा शुल्क निर्धारित है। जमानत की राशि के रूप में 20,000/–रू0 का बैंक ड्राफ्ट **नगर आयुक्त**, रांची नगर निगम के नाम से जमा करना होगा। निविदा आमंत्रण निम्न प्रकार से किया जाता है :–

| दुकान संख्या | दुकान का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | निविदा प्राप्त करने की तिथि | निविदा निष्पदान की तिथि |
|---|---|---|---|
| 06 | 248.92 | दिनांक 26.11.2020 अपराहन् 1.00 बजे तक। | दिनांक 26.11.2020 अपराहन 3.00 बजे। |
| 08 | 248.92 | | |
| 09 | 248.92 | | |
| 10 | 432.22 | | |

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Scanned with CamScanner

**नोटः–** **आवेदन पत्र दिनांक 17/11/2020 से 24/11/2020 तक किसी भी कार्य दिवस में निगम कार्यालय से 500/–रू0 जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।**

बन्दोबस्ती की नियम एवं शर्त्ते निगम वेबसाईट **www.ranchimunicipal.com** पर एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित है। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में रांची नगर निगम बाजार शाखा से सम्पर्क किया जा सकता है।

उप नगर आयुक्त,
रांची नगर निगम, रांची।

ज्ञापांक 2283 /राँची, दिनांक 09-11-2020

**प्रतिलिपि :–**

1. श्री ~~अमित कुमार~~ दयाल सिंह (RAY Cell) को इस निदेश के साथ की उक्त सूचना को कम से कम तीन प्रमुख स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में DAVP Rate पर न्यूनतम स्थान में प्रकाशन हेतु प्रेषित।
2. श्री राजेश कुमार, कम्प्यूटर प्रोग्रामर, राँची नगर निगम, राँची को बन्दोबस्ती से संबंधित नियम एवं शर्त्ते निगम वेब–साईट पर प्रर्दशन करने हेतु प्रेषित।
3. उप नगर आयुक्त–सह–अध्यक्ष निविदा निष्पादन समिति/सहायक नगर आयुक्त–सह–मुख्य लेखा पदाधिकारी/सहायक लोक स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी/कार्यपालक अभियंता (अभियंत्रण शाखा)/कार्यालय अधीक्षक/प्रभारी, विधि शाखा, सदस्य निविदा निष्पादन समिति राँची नगर निगम, राँची को सूचनार्थ एवं निर्धारित तिथि को निविदाओं के निष्पादन हेतु निविदा निष्पादन समिति की बैठक में उपस्थित होने के निदेश के साथ प्रेषित ।
4. नोटिस बोर्ड पर प्रर्दशनार्थ।
5. माननीया महापौर/माननीय उप महापौर, राँची नगर निगम, राँची को सादर सूचनार्थ समर्पित।
6. नगर आयुक्त, राँची नगर निगम, राँची को सादर सूचनार्थ समर्पित।

**उप नगर आयुक्त,**
राँची नगर निगम, राँची।



Scanned with CamScanner

## निविदा की शर्ते।

1. डाक की सुरक्षित राशि **ACC** दुकान के लिए 12.59/–रू0 (कर अतिरिक्त) एवं **RCC** दुकानों के लिए 32.34/–रू0 ( कर अतिरिक्त) प्रति वर्गफीट प्रतिमाह है।
2. आवेदन पत्र दिनांक 17/11/2020 से 24/11/2020 तक 500/– रू0 जमा कर किसी भी कार्य दिवस में बाजार शाखा से प्राप्त किया जा सकता है।
3. पूर्व में सफल निविदादाता को होने वाली निविदा से वंचित किया जाता है।
4. निर्धारित सुरक्षित जमा राशि से कम राशि वाले प्रस्ताव को खारिज किया जायेगा।
5. डाक में भाग लेने के वाले इच्छुक व्यक्ति को जमानत की राशि के रूप में **ACC** दुकान के लिए 10,000/–रू0 एवं **RCC** दुकानों के लिए 20,000/–रू0 का डिमाण्ड ड्राफ्ट, (नगर आयुक्त, रांची नगर निगम, रांची के नाम से देय) जमा करना होगा। असफल निविदादाता को निविदा निष्पादनोपरान्त जमानत की राशि वापस लौटा दी जायेगी।
6. सफल निविदादाता को जमानत की राशि के रूप में 03 माह किराया का समतुल्य राशि जमा करना होगा। इस राशि में जमानत की राशि समायोजित की जायेगी।
7. निविदा प्रस्ताव में दुकान संख्या अंकित करना अनिवार्य होगा।
8. डाक राशि जमा नही करने पर जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं पुर्न निविदा की जायेगी।
9. सफल निविदादाता को जमानत की राशि जमा करने के एक सप्ताह के अंदर एकरारनामा करना होगा। संपादित एकरारनामा का निबंधन बन्दोबस्तधारी को स्वयं के खर्च पर कराना होगा।
10. डाक के एक सप्ताह एकरारनामा नहीं करने की स्थिति में बन्दोबस्ती रद्द कर पुनः डाक किया जायेगा।
11. डाक वक्ता को पहचान के रूप में आधार कार्ड, पैन कार्ड, हॉल्डिंग नं0 एवं चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
12. प्रत्येक माह के 07 तारिख तक अग्रिम मासिक किराया जमा करना होगा।
13. दुकान में जल एवं विद्युत व्यवस्था आवंटियों को स्वयं करनी होगी।
14. दुकान आवंटन रद्द किये जाने या दुकान छोड़ने की स्थिति में जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी।
15. किसी प्रकार की मरम्मत्ति या स्वरूप में बदलाव के पूर्व निगम से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
16. दुकान का स्वामित्व रांची नगर निगम का होगा एवं आवश्यकतानुसार निगम के पदाधिकारी एवं कर्मचारी निरीक्षण करने को स्वतंत्र होगे।
17. किसी भी समय बिना किसी सूचना के डाक रद्द करने का अधिकार नगर आयुक्त, रांची नगर निगम, रांची को सुरक्षित होगा।
18. दुकान की अवधि तीन वर्ष के लिए होगी।
19. किसी भी परिस्थिति में बन्दोबस्तीधारी के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति/फर्म को दुकान का आंवटन नही किया जायेगा। यदि ऐसा पाया जाता है, तो बन्दोबस्तीधारी के विरुद्ध झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

6/11/2020

**उप नगर आयुक्त,**
रांची नगर निगम, रांची।

Scanned with CamScanner